# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

**दिनांक 20.07.2023 (बृहस्पतिवार) को पूर्वाह्न 11:30 बजे महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ के शिविर कार्यालय (डी0ए0वी0 पी0जी0 कॉलेज, आजमगढ़) के सभागार में आयोजित कार्य परिषद की बैठक संख्या 07/2023 का कार्यवृत्त।**

**बैठक की उपस्थितिः–**

बैठक में सम्मानित सदस्य श्री श्रीचन्द शर्मा, एम0एल0सी0 (अध्यापक) मेरठ–सहारनपुर खण्ड, उ0प्र0 विधान परिषद, लखनऊ ने वर्चुअल माध्यम तथा शेष सभी सदस्यों ने भौतिक रूप से प्रतिभाग किया।

| क्रं. | नाम | पद व सम्बद्धता/पता | कार्य परिषद में दायित्व |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 प्रदीप कुमार शर्मा | कुलपति, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ0 प्रेमचन्द यादव | प्राचार्य, डी0ए0वी0 पी0जी0 कालेज, आजमगढ़ | सदस्य |
| 3. | प्रो0 शर्वेश पाण्डेय | प्राचार्य, डी0सी0एस0के0 पी0जी0 कालेज, मऊ | सदस्य |
| 4. | डॉ0 यादवेन्द्र कुमार आर्य | कार्यवाहक प्राचार्य, गया प्रसाद राजकीय महिला कालेज, अंबारी, आजमगढ़ | सदस्य |
| 5. | डॉ0 नागेन्द्र द्विवेदी | प्राचार्य, श्री दुर्गा जी पी0जी0 कालेज, चण्डेश्वर, आजमगढ़ | सदस्य |
| 6. | डॉ0 ब्रज किशोर त्रिपाठी | क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी मण्डल | सदस्य |
| 7. | श्री श्रीचन्द शर्मा | एम0एल0सी0 (अध्यापक) मेरठ–सहारनपुर खण्ड, उ0प्र0 विधान परिषद्, लखनऊ | सदस्य |
| 8. | विशेश्वर प्रसाद | कुलसचिव, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ | सचिव |

मा0 कुलपति जी की आज्ञा से कुलसचिव द्वारा एक नए सदस्य श्री ब्रज किशोर त्रिपाठी, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी मण्डल, सहित समस्त सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक प्रारम्भ की गई। कुलसचिव द्वारा सभी सदस्यों को बैठक की सूचना (पत्रांक– 1774/कु0का0/2023, दिनांक 11.07.2023) व कार्यसूची ई–मेल/व्हाट्सएप तथा फोन के माध्यम से बैठक से पूर्व उपलब्ध करा दी गई थी। कुलसचिव द्वारा मदवार कार्यसूची पढ़ी गई जिस पर कार्य परिषद द्वारा समुचित विचारोपरान्त निर्णय लिए गए।

# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

**मद सं0 1–** दिनांक 13.06.2023 को सम्पन्न हुई कार्य परिषद की बैठक के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि किया जाना। कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है **(परिशिष्ट–1)**।

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा अपनी पूर्व बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन कर सर्वसम्मति से सम्पुष्टिकरण किया गया।

**मद सं0 2–** दिनांक 19.05.2023 व 13.07.2023 को सम्पन्न हुई प्रवेश समिति की बैठकों के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि किया जाना। कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है **(परिशिष्ट–2)**।

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा प्रवेश समिति की दिनांक 19.05.2023 की बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन कर सर्वसम्मति से सम्पुष्टिकरण किया गया। परन्तु 13.07.2023 को सम्पन्न हुई प्रवेश समिति की बैठक के कार्यवृत्त के मद संख्या– 2 में उल्लेखित सारणी के क्रम संख्या 3 में महाविद्यालयों द्वारा प्रेषित छात्रों का निर्धारित प्रवेश पंजीकरण शुल्क त्रुटिवश रू0 200 के स्थान पर रू0 2000 टंकित हो गया था। इसी संशोधन के साथ कार्य परिषद द्वारा अवलोकनोपरान्त सर्वसम्मति से प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 13.07.2023 का सम्पुष्टिकरण किया गया। प्रवेश समिति द्वारा संस्तुत शैक्षिक कैलेण्डर दिनांक 24.04.2023 एवं शासन द्वारा दिनांक 17.07.2023 को निर्गत शैक्षिक कैलेण्डर का समायोजन करते हुए शैक्षिक कैलेण्डर पुनः बनाए जाने का कार्य परिषद द्वारा निर्देश दिया गया तथा समय सारणी में अधिक विचलन होने की स्थिति में शासन को पत्र प्रेषित करने हेतु आदेश दिया गया।

**मद सं0 3–** उच्च शिक्षा अनुभाग–4, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी शासनादेश संख्या–56/2023/1258/सत्तर–4–2023–70–4099/19/2023, दिनांक 30 जून, 2023 जिसके द्वारा विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन हेतु 30 शैक्षणिक विभागों के लिए कुल 210 शैक्षिक पद (30 प्रोफेसर, 60 एसोसिएट प्रोफेसर व 120 असिस्टेंट प्रोफेसर– प्रति शैक्षणिक विभाग कुल 07 पद) स्वीकृत किए गए हैं, को अंगीकृत किया जाना एवं सत्र 2023–24 से नवनिर्मित/निर्माणाधीन परिसर में पाठ्यक्रमों का संचालन किए जाने एवं इस हेतु शिक्षकों की नियुक्ति किए जाने पर विचार करना **(परिशिष्ट–3)**।

# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in


**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा शैक्षणिक पदों के सृजन के सम्बन्ध में निर्गत उपरोक्त शासनादेश को सर्वसम्मति से अंगीकृत किया गया। कार्य परिषद ने संज्ञान लिया कि शासन द्वारा स्वीकृत शैक्षणिक पदों पर शासन/राजभवन/यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार भर्ती करने में समय लगेगा, जबकि शासन के निर्देशों/प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 13.07.2023 में लिए गए निर्णय के अनुपालन में सत्र 2023–24 में नवस्थापित विश्वविद्यालय में पठन–पाठन प्रारम्भ किया जाना है। अतः कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि स्वीकृत पदों पर नियमित नियुक्ति होने तक सत्र 2023–24 से 17 पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु प्रत्येक विषय /विभागों में एक संविदा शिक्षक (संविदा प्रवक्ता/शिक्षण सहायक/टीचिंग असिस्टेंट) तथा आवश्यकतानुसार एक/दो अतिथि प्रवक्ता शासन/यू.जी.सी./वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के नियमानुसार रख लिए जाएं।

**मद सं0 4–** उच्च शिक्षा अनुभाग–4, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी शासनादेश संख्या–57/2023/1259/सत्तर–4–2023–70–4099/19/2023, दिनांक 30 जून, 2023, जिसके द्वारा गैर–शैक्षणिक कर्मचारियों/अधिकारियों के पद स्वीकृत किए गए हैं, को अंगीकृत किया जाना पदों पर नियुक्ति किए जाने पर विचार करना **(परिशिष्ट–4)**।

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा अवलोकनोपरान्त शासन से स्वीकृत गैर–शैक्षणिक कर्मचारियों/अधिकारियों के पदों को अंगीकृत किया गया तथा निर्णय लिया गया कि नियमानुसार उक्त पदों पर नियुक्ति हेतु अधियाचन अधीनस्थ सेवा चयन आयोग/शासन को शीघ्र प्रेषित कर दिया जाए तथा नियमित नियुक्ति होने तक वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से आवश्यकतानुसार कर्मचारी योजित कर लिए जाएं।

**मद सं0 5–** नवनिर्मित/निर्माणाधीन विश्वविद्यालय परिसर में सत्र 2023–24 से विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेकर पठन–पाठन प्रारम्भ किए जाने पर विचार।

सूच्य है माननीय कुलाधिपति/राज्यपाल महोदया के साथ हुई समीक्षा बैठक दिनांक 23.06.2023 को सत्र 2023–24 से विश्वविद्यालय परिसर से पाठ्यक्रमों को शुरू करने हेतु चर्चा की गई तथा इस हेतु लो0नि0वि0 व निर्माण एजेंसी ने आश्वासन दिया है कि इस हेतु प्रशासनिक भवन तथा दोनों शैक्षणिक भवनों के भू–तल, प्रथम तल व द्वितीय तल 30 जुलाई 2023 तक विश्वविद्यालय को हस्तगत कर दिए जाएंगे।

# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in


संकल्प– कार्य परिषद द्वारा संज्ञान लिया गया कि प्रशासनिक भवन, दोनों शैक्षणिक भवनों के भू–तल, प्रथम तल व द्वितीय तल तथा सुविधा केन्द्र भवन लगभग 20 अगस्त 2023 तक कार्यकारी कम्पनी द्वारा विश्वविद्यालय को हस्तगत कर दिए जाएंगे। प्रवेश समिति की बैठक 13.07. 2023 में पारित 17 विषयों/विभागों में स्नातकोत्तर/स्नातक स्तर पर सत्र 2023–24 से पाठ्यक्रम संचालित किए जाने हेतु कार्य परिषद ने वस्तुस्थिति का संज्ञान लेते हुए समुचित विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिए–

**5.1** उक्त पाठ्यक्रमों में सत्र 2023–24 में प्रवेश हेतु शीघ्र प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी जाए।

**5.2** उपरोक्त संकल्प–3 में लिए गए निर्णय के क्रम में संविदा शिक्षक/शिक्षण सहायकों एवं अतिथि प्रवक्ताओं की नियुक्ति हेतु शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जाए।

**5.3** भवनों में फर्नीचर की व्यवस्था हेतु तत्काल वांछित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इस हेतु अनुमानित खर्चे के अनुदान प्राप्त करने हेतु शासन को प्रस्ताव शीघ्र प्रेषित किया जाए। क्योंकि शासन से बजट स्वीकृत होने में काफी समय लगने की सम्भावना है तथा उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप व व्यापक विश्वविद्यालय हित में पठन–पाठन एवं प्रशासनिक कार्य अगस्त माह के अन्त तक/सितम्बर माह 2023 से अपने नवनिर्मित भवनों से संचालित किए जाने हैं, इसलिए उक्त कार्यों की तात्कालिक आवश्यकता के अनुरूप प्रशासनिक भवन, दोनों शैक्षणिक भवनों तथा सुविधा केन्द्र भवन हेतु फर्नीचर की व्यवस्था विश्वविद्यालय द्वारा अपने स्रोत/बजट से कर ली जाए। फर्नीचर की व्यवस्था हेतु नियमानुसार शीघ्र ही टैण्डर प्रक्रिया शुरू कर दी जाए।

**5.4** विश्वविद्यालय भवनों में इन्टरनेट कनैक्टीविटी/नेटवर्किंग/संचालन हेतु आगणित खर्चे के बजट अनुदान हेतु भी प्रस्ताव शासन को शीघ्र प्रेषित कर दिया जाए तथा उपरोक्त बिन्दु 5.3 के अनुरूप तात्कालिक आवश्यकता के दृष्टिगत प्रशासनिक भवन, शैक्षणिक भवनों एवं सुविधा केन्द्र भवन में इन्टरनेट की व्यवस्था हेतु खर्चा विश्वविद्यालय द्वारा अपने बजट से कर लिया जाए।

मद सं0 6– प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर व असिस्टेंट प्रोफेसर के शासन द्वारा स्वीकृत पदों पर नियुक्ति हेतु महामहिम कुलाधिपति महोदया द्वारा निर्गत आदेश/दिशा–निर्देश संख्या ई–6360/जी0एस0, दिनांक 20 अक्टूबर, 2020, संख्या ई–6360/जी0एस0, दिनांक 02 जुलाई 2021 तथा संख्या रा0पा0 39/सत्तर–1–2021, दिनांक 25 अक्टूबर, 2021 से मा0

# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

सदस्यों को अवगत कराना एवं विश्वविद्यालय में होने वाली नियुक्तियों में उक्त का अनुपालन किए जाने हेतु अंगीकृत किया जाना (परिशिष्ट–5)।

संकल्प– प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर व असिस्टेंट प्रोफेसर पर होने वाली नियुक्ति हेतु महामहिम कुलाधिपति महोदया द्वारा निर्गत आदेश/दिशा–निर्देशों पर कार्य परिषद द्वारा चर्चा की गई तथा अंगीकृत किया गया।

अन्त में मा0 कुलपति जी की आज्ञा से कुलसचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं समस्त कार्य परिषद सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक का समापन किया गया।

(विशेश्वर प्रसाद)
कुलसचिव एवं सचिव–कार्य परिषद

(प्रो0 प्रदीप कुमार शर्मा)
मा0 कुलपति एवं अध्यक्ष–कार्य परिषद